प्रारंभिक परीक्षा, 2022: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

अशोक के प्रमुख शिलालेखों के स्थान	**वह स्थान जिस राज्य में हैं**
1. धौली	ओडिशा
2. एर्रगुडी	आंध्र प्रदेश
3. जौगड़	मध्य प्रदेश
4. कालसी	कर्नाटक

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म

(d) सभी चारों युग्म

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- धौली ओड़ीसा का एक महत्त्वपूर्ण प्रारंभिक ऐतिहासिक शहरी केंद्र है। धौली में पाए गए पुरातात्विक अवशेषों ने इसकी प्राचीनता का पता तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व, विशेष रूप से अशोक के समय से लगाया। धौली ऐतिहासिक महत्त्व का है क्योंकि सम्राट अशोक के प्रसिद्ध शिलालेखों में से एक यहाँ स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

https://magazines.odisha.gov.in/Orissareview/july2006/engpdf/49-53.pdf

- 2013 में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल ज़िले में**गूटी-पाथिकोंडा रोड पर एरागुडी के पास अशोक रॉक एडिक्ट साइट की सुरक्षा पर जोर दिया। अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - शिलालेख मौर्य सम्राट अशोक (269-231 ईसा पूर्व) की महत्त्वपूर्ण संपदाओं में से एक थे, जिनमें वृहद् और छोटे शिलालेख शामिल हैं।

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/asi-to-develop-ashoka-rock-site-as-tourist-spot/article4766897.ece

- **जौगड़ा** एक प्राचीन किला है जो कलिंग प्रांत की मौर्य गढ़वाली राजधानी के रूप में कार्य करता था। जौगड़ा ओडिशा के**गंजम ज़िले में बेरहामपुर और पुरुषोत्तमपुर शहरों** के निकट स्थित है।
  - जौगड़ा ओडिशा एक अन्य स्थान है जहाँ अशोक का वृहद् शिलालेख मौजूद है, इसे कलिंग शिलालेख भी कहा जाता है।**अतः युग्म 3 सुमेलित नहीं है।**

https://odishatourism.gov.in/content/tourism/en/blog-details.html?url=jaugada-Ashokan-major-rock-edict-in-odisha

- जब अशोक ने बौद्ध धर्म को अपनाया उस दौरान कालसी स्थित शिलालेख में युद्ध के बाद अशोक के मानवीय दृष्टिकोण को लिपिबद्ध किया गया। कालसी उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच बफर ज़ोन में स्थित है। **अतः युग्म 4 सुमेलित नहीं है।**

https://timesofindia.indiatimes.com/travel/uttarakhand/kalsi/ps36300328.cms

अतः वकिल्प (b) सही है।

https://www.drishtiias.com/to-the-points/paper1/mauryan-art-and-architecture-part-1

2. निम्नलिखिति युग्मों पर विचार कीजिये:

राजा	**राजवंश**
1. नान्नुक	चंदेल
2. जयशक्ति	परमार
3. नागभट द्वितीय	गुर्जर-प्रतिहार
4. भोज	राष्ट्रकूट

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म

(d) सभी चारों युग्म

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- चांदला या चंदेल मध्य भारत का एक भारतीय राजपूत वंश था। उन्हें भारतीय इतिहास में लोकप्रिय रूप से चंदेल या जेजाकभुक्ति वंश कहा जाता था।
- महोबा खंड के कविदंतियों के अनुसार, चंदेल परिवार की उत्पत्ति चंद्रमा (हिंदी में चंद्र कहा जाता है) और हेमवती के मिलन से हुई थी।
- 954 ई. के खजुराहो शिलालेखों के अनुसार, चंदेल वंश के प्रथम राजा **नन्नुक** ऋषि चंद्रत्रेय के वंशज थे जो प्रसिद्ध वैदिक ऋषि अत्रि के पुत्र थे। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**

https://mahoba.nic.in/history/

CHANDELA DYNASTY CHRONOLOGY		
RULER	RULING PERIOD	DESCRIPTION
Nanuka	835 - 845 CE	Founder of Chandela dynasty. Ruler of Khajuravatika, fuedatory of Gujara-Pratihara
Vakpati	845 - 865 CE	Ruler of Khajuravatika, fuedatory of Gujara-Pratihara
Jayashakti & Vijayashakti	865 - 885 CE	Ruler of Khajuravatika, fuedatory of Gujara-Pratihara
Rahila	885 - 905 CE	Ruler of Jijakbhukti, fuedatory of Gujara-Pratihara
Shri Harshadev	905 - 925 CE	Ruler of Jijakbhukti, fuedatory of Gujara-Pratihara

//

- जयशक्ति का संबंध चंदेल वंश से था न कि परमार वंश से। **अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।**

https://www.khajuraho-india.org/chandela-dynasty.html

- गुर्जर-प्रतिहार राजवंश, मध्ययुगीन भारत के दो हिंदू राजवंशों में से एक था। हरिचंद्र के वंशजों ने 6वीं से 9वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान, आमतौर पर सामंत के दर्जे के साथ, मंडोर, मारवाड़ (जोधपुर, राजस्थान) में शासन किया। 8वीं से 11वीं शताब्दी के दौरान नागभट्ट वंश ने पहले उज्जैन और बाद में कन्नौज में शासन किया। अन्य गुर्जर वंश मौजूद थे, लेकिन उन्होंने प्रतिहार उपनाम ग्रहण नहीं किया।

- 9वीं शताब्दी की शुरुआत में हुए जटिल युद्धों - जिसमें प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल शामिल थे - में नागभट्ट द्वितीय ने एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
    - नागभट्ट द्वितीय उत्तर भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बना और कन्नौज में अपनी नई राजधानी स्थापित की। लगभग 833 ई. में नागभट्ट द्वितीय का उत्तराधिकारी उसका पुत्र रामभद्र था। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

https://www.britannica.com/topic/Gurjara-Pratihara-dynasty

- मिहिर भोज परमार वंश का राजा था। **अत: युग्म 4 सुमेलित नहीं है।**

https://dhar.nic.in/en/bhojshala/

3. प्राचीन दक्षिण भारत में संगम साहित्य के बारे में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, सही है?

(a) संगम कविताओं में भौतिक संस्कृति का कोई सन्दर्भ नहीं है।

(b) वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण संगम कवियों को ज्ञात था।

(c) संगम कविताओं में समर शौर्य का कोई सन्दर्भ नहीं है।

(d) संगम साहित्य में जादुई ताकतों को असंगत बताया गया है।

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- संगम साहित्य के रूप में जानी जाने वाली कविताओं का संग्रह छह शताब्दियों में लगभग 300 ईसा पूर्व से 300 ईस्वी तक तमिलों द्वारा विविध सामाजिक पृष्ठभूमि में निर्मित किया गया था।
    - ये कृतियाँ आरंभिक तमिल संस्कृति के साथ-साथ दक्षिण भारत और भूमध्यसागरीय, पश्चिम एशिया तथा दक्षिण पूर्व एशिया के बीच व्यापार संबंधों पर प्रकाश डालती हैं।
- आरंभिक भारतीय साहित्य में संगमकालीन लेखन संभवतः अद्वितीय है, जो लगभग पूरी तरह से धार्मिक है। इसकी कविताएँ दो मुख्य विषयों से संबंधित हैं: **पहले पाँच संग्रह प्रेम (अकम) पर आधारित हैं और अगले दो संग्रह वीरता (पुरम) पर आधारित हैं,** जिसमें राजाओं की प्रशंसा और उनके द्वारा किये गए कार्य शामिल हैं।
    - **कई कविताएँ विशिष रूप से वीरता (योद्धा नैतिकता से संबंधित), ऊर्जावान और उत्साह प्रदर्शित करती हैं** तथा भारत के अन्य प्रारंभिक एवं मध्यकालीन साहित्यों की तुलना में साहित्यिक अतिशयोक्ति से पूरी तरह मुक्त हैं।
    - नायकों और संरक्षकों की प्रशंसा वाला बर्दिक साहित्य होने के कारण समाज और अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर इसकी चिंता स्वाभाविक थी।

https://en.unesco.org/silkroad/sites/default/files/knowledge-bank-article/sangam_literature_as_a_source_of_evidence_on_indias_trade_with_the.pdf

- संगम साहित्य **पवित्र या जादुई शक्तियों में एक विश्वास को दर्शाता** है जिसे **अनकू** कहा जाता है जो विभिन्न वस्तुओं में रहने वाले थे।

http://surl.li/cdrpp

- "संगम" साहित्य किसी विशेष सामाजिक या धार्मिक समूह का उत्पाद नहीं है और न ही इसे किसी शासक अभिजात वर्ग द्वारा दरबारी साहित्य के रूप में प्रायोजित किया गया था।
    - लगभग 600 वर्षों की लंबी अवधि में विभिन्न समय बिंदुओं पर रचित और**विभिन्न स्तरों के व्यक्तियों - राजकुमारों, सरदारों, किसानों, व्यापारियों, कुम्हारों, लुहारों, बढ़ई और ब्राह्मणों, जैन एवं बौद्धों द्वारा लिखित**, कविताएँ विषम सामाजिक समूहों से संबंधित हैं। **(अतः वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण ज्ञात था)।**

https://www.britannica.com/art/shangam-literature

- **अतः विकल्प (b) सही है।**

https://www.drishtiias.com/to-the-points/paper1/sangam-age-1

4. किसके राज्यकाल में "योगवाशिष्ठ" का निज़ामुद्दीन पानीपती द्वारा फ़ारसी में अनुवाद किया गया?

(a) अकबर

(b) हुमायूँ

(c) शाहजहाँ

(d) औरंगजेब

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- भारतीय उपमहाद्वीप के एक विशिष्ट ऐतिहासिक काल के दौरान मुस्लिम और हिंदू बुद्धिजीवियों ने सह-अस्तित्व, संवाद और एक दूसरे की निकटवर्ती उपस्थिति को समझा।
- उसी समय अनुवाद टीम के प्रयासों के परिणाम **संस्कृत लघुयोग वसिहि** को फारसी योग बशिष्ठ के रूप में प्रस्तुत करने से महानगरीय इंडो फारसी दरबारी संस्कृति को महत्त्वपूर्ण योगदान मिला, जो तत्कालीन सम्राट अकबर के प्रोत्साहन के तहत मुगल दरबार में विकसित हुई थी।
- यह एक ऐसी संस्कृति थी जिसका उद्देश्य मुसलमानों, हिंदुओं और अन्य धार्मिक समूहों के योगदान को एक साथ संश्लेषित करना था।
- सबसे पहले इन अनुवादों को सम्राट जहाँगीर द्वारा व्यक्तिगत रूप से अधिकृत किया गया जिसे योग बशिष्ठ के रूप में जाना जाता है, इसे 1597 ईस्वी में तीन सहयोगी अनुवादकों की टीम द्वारा पूरा किया गया था: जिसमे मुस्लिम दरबार के विद्वान निज़ामुद्दीन पानीपती और हिंदू पंडित जगन्नाथ मिश्र बनारसी तथा पठान मिश्रा जाजीपुरी शामिल थे।

अतः विकल्प (a) सही है।

https://library.oapen.org/bitstream/id/4018c47c-610c-4597-8692-7dd9c29643a5/translating-wisdom.pdf

5. हाल ही में हैदराबाद में भारत के प्रधान मंत्री द्वारा रामानुज की आसन मुद्रा में विश्व की दूसरी सबसे ऊँची मूर्ति का उद्घाटन किया गया था। निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, रामानुज की शिक्षाओं को सही निरूपित करता है?

(a) मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन भक्ति था।

(b) वेद शाश्वत, आत्म-प्रतिष्ठित तथा पूर्णतया प्रामाणिक हैं।

(c) तर्कसंगत युक्तियाँ सर्वोच्च आनंद के मौलिक माध्यम थे।

(d) ध्यान के माध्यम से मोक्ष पाया जा सकता था।

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- रामानुज का जन्म ग्यारहवीं शताब्दी में तमिलनाडु में हुआ था। वे विष्णुभक्त अलवार संतो से बहुत प्रभावित थे। उनके अनुसा**मोक्ष प्राप्त करने का उपाय विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति भाव** रखना है।
  - भगवान विष्णु की कृपा दृष्टि से भक्त उनके साथ एकाकार होने का परमानंद प्राप्त कर सकता है।
- रामानुज ने विशिष्टताद्वैत के सिद्धांत को प्रतिपादित किया, जिसके अनुसार आत्मा, परमात्मा से जुड़ने के बाद भी अपनी अलग सत्ता बनाए रखती है।
  - रामानुज के सिद्धांत ने भक्ति की नयी धारा को बहुत प्रेरित किया, जो परवर्ती काल में उत्तरी भारत में विकसित हुई।
- **अतः विकल्प (a) सही है।**

https://ncert.nic.in/ncerts/l/gess108.pdf

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/philosopher-saint-ramanujacharya

दृष्टि The Vision

6. हाल ही में, प्रधान मंत्री ने वेरावल में सोमनाथ मंदिर के निकट नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया। सोमनाथ मंदिर के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन-से सही हैं?

1. सोमनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग देव-मंदिरों में से एक है।
2. अल-बरूनी ने सोमनाथ मंदिर का वर्णन किया है।
3. सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा (आज के मंदिर की स्थापना) राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन द्वारा की गई थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- सोमनाथ मंदिर गुजरात राज्य में भारतीय उपमहाद्वीप के पश्चिमी में अरब सागर के तट पर स्थित है।
- श्री सोमनाथ भारत के बारह आदिज्योतिर्लिंगों में प्रथम हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उल्लेख **अरब यात्री अल-बरूनी ने अपने यात्रा वृत्तांत में किया था,** जिससे प्रभावित होकर महमूद गजनवी ने 1024 ई. में अपने पाँच हज़ार सैनिकों के साथ सोमनाथ मंदिर पर हमला कर दिया और उसकी संपत्ति लूट ली साथ ही मंदिर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्राचीन भारतीय शास्त्रीय ग्रंथों पर आधारित शोध से पता चलता है कि पहली बार सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की प्राण-प्रतिष्ठा (आज के मंदिर की स्थापना), वैवस्वत मन्वन्तर के दसवें त्रेता युग के दौरान श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को किया गया था।
- 13 नवंबर, 1947 को सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने वाले सरदार पटेल के संकल्प के साथ आधुनिक मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया था। **11 मई, 1951 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मौजूदा मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की थी। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

https://somnath.org/Home/Somnath-Darshan

Somnath temple information (indiatourismguide.org)

7. निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, मानव शरीर में B कोशिकाओं और ज् कोशिकाओं की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन है?

(a) वे शरीर को पर्यावरणीय प्रत्यूर्जकों (एलर्जनों) से संरक्षित करती हैं।

(b) वे शरीर के दर्द और सूजन का अपशमन करती हैं।

(c) वे शरीर के प्रतिरक्षा-निरोधकों की तरह काम करती हैं।

(d) वे शरीर को रोगजनकों द्वारा होने वाले रोगों से बचाती हैं।

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिरक्षा अनुक्रियाएँ हमारे शरीर के रक्त में मौजूद दो विशेष प्रकार के कोशिकाओं द्वारा होती हैं। ये कोशिकाएँ हैं B-कोशिकाएँ और T-कोशिकाएँ।
- रोगजनकों की अनुक्रिया में B-कोशिकाएँ हमारे रक्त में प्रोटीनों की एक शृंखला उत्पन्न करती हैं ताकि वे रोगजनकों से लड़ सकें। ये प्रोटीन प्रतिरक्षी (एंटीबायोटिक्स) कहलाती हैं। T-कोशिकाएँ स्वयं तो प्रतिरक्षियों का श्रावण नहीं करतीं, लेकिन प्रोटीन उत्पन्न करने में B-कोशिकाओं की सहायता करती हैं।
- **अतः विकल्प (d) सही है।**

https://ncert.nic.in/ncerts/l/lebo108.pdf

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/covid-19-specific-memory-t-cells

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परासूक्ष्मकण (नैनोपार्टिकल्स), मानव-निर्मित होने के सिवाय, प्रकृति में अस्तित्व में नहीं हैं।
2. कुछ धात्विक ऑक्साइडों के परासूक्ष्मकण, प्रसाधन-सामग्री (कॉस्मेटिक्स) के निर्माण में काम आते हैं।
3. कुछ वाणिज्यिक उत्पादों के परासूक्ष्मकण, जो पर्यावरण में आ जाते हैं, मनुष्यों के लिए असुरक्षित हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- **परासूक्ष्मकण (नैनोपार्टिकल्स) पर्यावरण में प्राकृतिक रूप से बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं।** ये प्रकृति में मौजूद हैं और मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप भी निर्मित होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रसाधन उद्योग द्वारा सौंदर्य प्रसाधन, सनस्क्रीन, एंटी-एजिंग क्रीम, मॉइस्चराइज़र और परफ्यूम में सक्रिय घटकों के उचित प्रदर्शन तथा जैव उपलब्धता के लिये नैनोकणों को विकसित कर नैनो तकनीक का लाभ लिया जा रहा है।
- सौंदर्य प्रसाधन विभिन्न प्रकार के धातु एवं धातु ऑक्साइड नैनोकणों जैसे सिल्वर नैनोपार्टिकल्स (AgNPs), गोल्ड नैनोपार्टिकल्स (AuNPs) एवं टाइटेनियम डाइऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स (TiO2 NPs), जिंक ऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स, (ZnO NPs), आयरन ऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स (Fe2O3 NPs) और कार्बन-आधारित NPs [16–18] का उपयोग करके तैयार किये जाते हैं।
  - टाइटेनियम डाइऑक्साइड (TiO2), जिंक ऑक्साइड (ZnO) जैसे नैनोकणों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, क्योंकि ये नैनोकण गैर-तैलीय होते हैं और आसानी से अवशोषित हो जाते हैं।
  - TiO2 अनिवार्य रूप से यूवी फिल्टर (UVA और UVB फिल्टर) है इसलिये व्यापक रूप से सनस्क्रीन और मॉइस्चराइज़र में भी इसका उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मनुष्य प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले अधिकांश नैनोकणों से निपटने में सक्षम है। हालाँकि **कुछ नैनोकणों जो मानवीय गतिविधियों जैसे- तंबाकू धूम्रपान और अग्नि के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं,** फेफड़ों की क्षति के कारण होने वाली मौतों के लिये ज़िम्मेदार हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

Nanotechnology in cosmetics pros and cons - IOPscience

nanoparticle - Nanoparticles in the environment | Britannica

http://surl.li/cdrrj

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

DNA बारकोडिंग किसका उपसाधन हो सकता है?

1. किसी पादप या प्राणी की आयु का आकलन करने के लिए
2. समान दिखने वाली प्रजातियों के बीच भिन्नता जानने के लिए
3. प्रसंस्कृत खाद्यपदार्थों में अवांछित प्राणी या पादप सामग्री को पहचानने के लिए

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- परमाणु या ऑर्गेनेल जीनोम से लघु **DNA अनुक्रमों** का उपयोग कर **जैविक प्रतिदर्शों की पहचान करने की नई तकनीक** को DNA बारकोडिंग कहा जाता है।
- DNA बारकोडिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कई अनुप्रयोग हैं जैसे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना, लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करना, कृषि कीटों को नियंत्रित करना, **रोग वैक्टर की पहचान करना,** पानी की गुणवत्ता की निगरानी करना, प्राकृतिक स्वास्थ्य उत्पादों का प्रमाणीकरण और औषधीय पौधों की पहचान करना।
- **लुप्तप्राय वन्यजीवों की प्रजातियों की पहचान (एक जैसी दिखने वाली प्रजातियों के बीच अंतर), कीट संगरोध और रोग वाहक** (अवांछनीय जानवरों / पौधों की पहचान करना) कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें DNA बारकोडिंग शोधकर्त्ताओं, प्रवर्तन एजेंटों और उपभोक्ताओं हेतु बहुत कम समय-सीमा में निर्णय लेती है। **अतः कथन 2 और 3 सही हैं, अतः विकल्प (d) सही है।**

https://www.sciencedirect.com/science/article/abs/pii/S0958166913006721

http://pnrsolution.org/Datacenter/Vol3/Issue2/291.pdf

10. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. कार्बन मोनोक्साइड
2. नाइट्रोजन ऑक्साइड
3. ओज़ोन
4. सल्फर डाइऑक्साइड

वातावरण में उपर्युक्त में से किसकी/किनकी अधिकता होने से अम्ल वर्षा होती है?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 4

(d) 1, 3 और 4

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- अम्ल वर्षा मानवीय क्रियाकलापों का उपोत्पाद होती है, जो वातावरण में नाइट्रोजन तथा सल्फर के ऑक्साइड निर्गमित करती है। जैसा पूर्व में बताया जा चुका है, जीवाश्म-ईंधन (जैसे- कोयला, शक्ति-संयंत्रें, भट्टियों तथा मोटर इंजनों में डीजल और पेट्रोल, (जिसमें सल्फर तथा नाइट्रोजन पदार्थ होते हैं) के दहन पर सल्फर डाइऑक्साइड तथा नाइट्रोजन ऑक्साइड उत्पन्न होते हैं।
- SO_2 तथा NO_2 ऑक्सीकरण के पश्चात् जल के साथ अभिक्रिया करके अम्लवर्षा में प्रमुख योगदान देते हैं, क्योंकि प्रदूषित वायु में सामान्यतः कणकीय द्रव्य उपस्थित होते हैं, जो ऑक्सीकरण को उत्प्रेरित करते हैं।
- $2SO_2\ (g) + O_2\ (g) + 2H_2O\ (l) \rightarrow 2H_2SO_4\ (aq)$
- $4NO_2\ (g) + O_2\ (g) + 2H_2O\ (l) \rightarrow 4HNO_3\ (aq)$
- **अतः विकल्प (b) सही है।**

https://ncert.nic.in/textbook/pdf/kech207.pdf

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/sulphur-dioxide-emissions-from-caribbean-

volcano/print_manually

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उच्च मेघ मुख्यत: सौर विकिरण को परावर्तित कर भूपृष्ठ को ठंडा करते हैं।
2. भूपृष्ठ से उत्सर्जित होने वाली अवरक्त विकिरणों का निम्न मेघ में उच्च अवशोषण होता है, और इससे तापन प्रभाव होता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- बादल जहाँ बनते हैं उसी स्थान पर उनका अध्ययन और उनकी विशेषताएँ, जलवायु परिवर्तन संबंधी ज्ञान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कम, घने बादल मुख्य रूप से सौर विकिरण को दर्शाते हैं और पृथ्वी की सतह को ठंडा करते हैं। उच्च, पतले बादल मुख्य रूप से आने वाले सौर विकिरण को संचारित करते हैं; साथ ही, वे पृथ्वी द्वारा उत्सर्जित कुछ निवर्तमान अवरक्त विकिरणों में फंस जाते हैं और इसे वापस नीचे की ओर विकीर्ण कर देते हैं, जिससे पृथ्वी की सतह गर्म हो जाती है। **अत: दोनों कथन सही नहीं हैं।**

https://earthobservatory.nasa.gov/features/Clouds

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उत्तरी-पश्चिमी केन्या में बीड़ीबीड़ी एक वृहद् शरणार्थी बस्ती है।
2. दक्षिण सूडान गृह युद्ध से पलायन किए हुए कुछ लोग बीड़ीबीड़ी में रहते हैं।
3. सोमालिया के गृह युद्ध से पलायन किए हुए कुछ लोक केन्या के ददाब शरणार्थी संकुल में रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- बीड़ीबीड़ी शरणार्थी बस्ती, उत्तर-पश्चिमी युगांडा में एक शरणार्थी शिविर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- गृहयुद्ध के कारण 270,000 से अधिक दक्षिण सूडानी शरणार्थी देश से पलायन कर चुके हैं, वर्ष 2017 की शुरुआत में बीड़ीबीड़ी विश्व की सबसे बड़ी शरणार्थी बस्ती थी। **अत: कथन 2 सही है।**

https://reliefweb.int/report/uganda/ugandas-bidibidi-refugee-settlement-benefit-iom-and-innovation-norways-electronic-waste-

- केन्या में ददाब शरणार्थी संकुल में शरणार्थी लोग रहते हैं। इसमें तीन शिविर शामिल हैं। पहला शिविर वर्ष 1991 में स्थापित किया गया था, जब सोमालिया में गृहयुद्ध से भागे शरणार्थियों ने केन्या में सीमा पार करना शुरू किया। वर्ष 2011 में दूसरी अधिकतम शरणार्थी संख्या यहाँ आई जब कुछ शरणार्थी दक्षिणी सोमालिया में सूखे और अकाल के चलते भागकर यहाँ आए। **अत: कथन 3 सही है।**

https://www.unhcr.org/ke/dadaab-refugee-complex

13. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. आर्मीनिया
2. अज़रबैजान
3. क्रोएशिया
4. रोमानिया
5. उज़्बेकिस्तान

उपर्युक्त में कौन-से तुर्की राज्यों के संगठन के सदस्य हैं?

(a) 1, 2 और 4

(b) 1 और 3

(c) 2 और 5

(d) 3, 4 और 5

उत्तर: (C)

व्याख्या:

- तुर्की राज्यों के संगठन (तत्कालीन तुर्की भाषी राज्यों की सहयोग परिषद- जिसे तुर्की परिषद कहा जाता है) को वर्ष 2009 में एक अंतर-सरकारी संगठन के रूप में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य तुर्क राज्यों के बीच व्यापक सहयोग को बढ़ावा देना था।
- इसके चार संस्थापक सदस्य राज्य अजरबैजान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्की है।
- अक्तूबर 2019 में बाकू में आयोजित 7वें शिखर सम्मेलन के दौरान उज्बेकिस्तान पूर्ण सदस्य के रूप में इसमें शामिल हुआ।
- सितंबर 2018 में किर्गिज़ गणराज्य के चोलपोन-अता (Cholpon-Ata) में इसके छठे शिखर सम्मेलन के दौरान हंगरी को संगठन में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त हुआ।
- हाल ही में नवंबर 2021 में आयोजित 8वें शिखर सम्मेलन में, तुर्कमेनिस्तान संगठन के पर्यवेक्षक सदस्य के रूप में शामिल हुआ। आर्मेनिया, क्रोएशिया और रोमानिया तुर्क राज्यों के संगठन के सदस्य नहीं हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**

https://www.turkkon.org/en/turk-konseyi-hakkinda

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुजरात में भारत का विशालतम सौर पार्क है।
2. केरल में पूर्णत: सौर शक्तिकृत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।
3. गोआ में भारत की विशालतम तैरती हुई सौर प्रकाश-वोल्टीय परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 3

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- भारत का भादला सोलर पार्क विश्व का सबसे बड़ा सोलर पॉवर पार्क है। भादला सोलर पार्क राजस्थान के सूखे तथा रेतीले क्षेत्र में स्थित है और 14,000 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। पार्क में 10 मिलियन से अधिक सौर पैनल हैं, जो 2245MW विद्युत उत्पादन क्षमता के उत्पादन योगदान देते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/worlds-largest-solar-park-in-bhadla-india/article37462665.ece

- **केरल का कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL)** विश्व का पहला हवाई अड्डा है जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा संचालित होगा। हवाई अड्डे ने वर्ष 2015 में आधिकारिक तौर पर 12 मेगावाट की सौर परियोजना शुरू की थी। **अतः कथन 2 सही है।**

https://www.icao.int/environmental-protection/Documents/EnvironmentalReports/2016/ENVReport2016_pg177-177.pdf

- तेलंगाना के पेद्दापल्ली ज़िले के रामागुंडम में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (NTPC) द्वारा भारत का सबसे बड़ा 100MW उत्पादन क्षमता वाला तैरता सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

https://www.thehindu.com/news/national/telangana/indias-biggest-floating-solar-plant-to-be-commissioned-in-next-three-months/article34036031.ece

https://www.drishtiias.com/state-pcs-current-affairs/two-new-solar-parks-in-jaisalmer-and-bikaner

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/india-s-biggest-floating-solar-power-plant

15. समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन) के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी तटीय राज्य को, अपने प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई को, आधार-रेखा से मापित, 12 समुद्री मील से अनधिक सीमा तक अभिसमय के अनुरूप सुस्थापित करने का अधिकार है।
2. सभी राज्यों के, चाहे वे तटीय हों या भू-बद्ध भाग के हों, जहाजों को प्रादेशिक समुद्र से हो कर बिना रोक-टोक यात्रा का अधिकार होता है।
3. अनन्य आर्थिक क्षेत्र का विस्तार उस आधार-रेखा से 200 समुद्री मील से अधिक नहीं होगा, जहाँ से प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- प्रादेशिक समुद्र की सीमा के तहत प्रत्येक राज्य को अपने प्रादेशिक समुद्र के विस्तार को 12 समुद्री मील से अधिक की सीमा तक स्थापित करने का अधिकार है, जिसे इस अभिसमय के अनुसार निर्धारित आधार रेखा से मापा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रादेशिक समुद्र में इनोसेंट पैसेज के तहत सभी राज्यों (चाहे वे तटीय हों या स्थलबद्ध) के जहाज़ों को इस अभिसमय के तहत प्रादेशिक समुद्र में मार्ग का अधिकार है। **अत: कथन 2 सही है।**

- इस अभसिमय के अनुसार, अनन्य आर्थकि क्षेत्र इस भाग में स्थापति वशिष्टि कानूनी व्यवस्था के अधीन प्रादेशकि समुद्र से परे और उससे सटे क्षेत्र हैं, जसिके तहत तटीय राज्य के अधकिार क्षेत्र और अन्य राज्यों के अधकिार एवं स्वतंत्रता प्रासंगकि प्रावधानों द्वारा शासति होते हैं।
- इसके तहत अनन्य आर्थकि क्षेत्र उन बेसलाइनों से 200 समुद्री मील से अधकि नहीं वस्तिारति होगा जहाँ से प्रादेशकि समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

https://www.un.org/depts/los/convention_agreements/texts/unclos/unclos_e.pdf

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/unclos-1

16. नमि्नलखिति कथनों में कौन-सा एक, कभी-कभी समाचारों में उल्लखिति सेंकाकू द्वीप ववािद को सर्वोत्तम रूप में प्रतबिबिति करता है?

(a) आम तौर पर यह माना जाता है कि वे दक्षणिी चीन सागर के आसपास कसिी देश द्वारा नर्मिति कृत्रमि द्वीप हैं।

(b) चीन और जापान के बीच पूर्वी चीन सागर में इन द्वीपों के वषिय में समुद्री ववािद होता रहता है।

(c) वहाँ ताइवान को अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करने के लिए एक स्थायी अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थापति कयिा गया है।

(d) यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने उन्हें अस्वामकि भूमि घोषति कयिा है, तथापि कुछ दक्षणि-पूर्वी एशयिाई देश उन पर दावा करते हैं।

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- सेनकाकू द्वीप कृत्रमि द्वीप नहीं बल्कि एक प्राकृतकि द्वीप है। यह आठ नरि्जन द्वीपों का समूह है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सेनकाकू द्वीप ववािद चीन और जापान के बीच ज्ञात नरि्जन द्वीपों के एक समूह पर क्षेत्रीय ववािद से संबंधति है। जापान और चीन दोनों ही इन द्वीपों के स्वामत्वि का दावा करते हैं। सेनकाकू द्वीप पूर्वी चीन सागर में स्थति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अमेरिका ने सेनकाकू द्वीप पर स्थायी सैन्य ठकिाने स्थापति नहीं कयि लेकनि अमेरिका और जापान सैन्य बलों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास कयिा गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने सेनकाकू द्वीप के संबंध में **नो मैन्स लैंड** जैसा कोई फैसला नहीं दयिा है। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/senkaku-island-dispute

17. नमि्नलखिति युग्मों पर वचिार कीजयि:

देश	**हाल ही में समाचारों में होने का महत्त्वपूर्ण कारण**
1. चाड	चीन द्वारा स्थायी सैन्य बेस की स्थापना
2. गनिी	सेना द्वारा संवधिान और सरकार का नलिंबन
3. लेबनान	गंभीर और लंबे समय की आर्थकि मंदी
4. ट्यूनीशयिा	राष्ट्रपति द्वारा संसद का नलिंबन

उपर्युक्त युग्मों में कतिने सही सुमेलति हैं?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म

(d) सभी चारों युग्म

उत्तर. C

व्याख्या:

- गिनी में सैन्य नेताओं ने राष्ट्रपति को हिरासत में लिया और सरकार को भंग करने तथा संविधान को निलंबित करने की घोषणा की।

https://www.thehindu.com/news/international/soldiers-detain-guineas-president-dissolve-government/article36307866.ece

लेबनान: गंभीर और दीर्घकालीन आर्थिक मंदी

- लेबनान एक **आयात-निर्भर** देश है। बुरी तरह क्षतिग्रस्त पोर्ट फैसिलिटी लेबनान का सबसे बड़ा समुद्री प्रवेश द्वार है तथा यह आवश्यक वस्तुओं को **महंगा** कर देगा तथा देश में **खाद्य सुरक्षा के लिये खतरा** उत्पन्न हो जाएगा।
- लेबनान पहले से ही स्थानीय मुद्रा के तेजी से अवमूल्यन और मुद्रास्फीति, बंद होते व्यवसायों, बेरोज़गारी और गरीबी को बढ़ावा देने वाले अस्थिर विनिमय दर के साथ एक बड़ी आर्थिक मंदी से जूझ रहा है।
- इसने मार्च 2020 में **यूरोबॉण्ड के पुनर्भुगतान** में भी चूक की थी।
- **ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को निलंबित कर दिया और संसद भंग कर दी है।**

https://indianexpress.com/article/explained/explained-why-did-the-tunisian-president-suspend-the-prime-minister-and-dissolve-parliament-7438977/

अतः विकल्प (c) सही है।

18. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

अक्सर समाचारों में उल्लिखित क्षेत्र	देश
1. अनातोलिया	तुर्की
2. अम्हारा	इथियोपिया
3. काबो डेलगादो	स्पेन
4. कातालोनिया	इटली

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म

(d) सभी चारों युग्म

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- अनातोलिया - तुर्की
- अमहारा- इथियोपिया

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/conflict-in-ethiopia

- काबो डेलगाडो- मोज़ाम्बिक
- कैटेलोनिया- स्पेन

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/catalonian-unrest

अत: विकल्प b सही है।

19. वन्यजीव संरक्षण के बारे में भारतीय विधियों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वन्यजीव, एकमात्र सरकार की संपत्ति हैं।
2. जब किसी वन्यजीव को संरक्षित घोषित किया जाता है, तो यह जीव चाहे संरक्षित क्षेत्र में हो या उससे बाहर, समान संरक्षण का हकदार है।
3. किसी संरक्षित वन्यजीव के मानव जीवन के लिए खतरा बन जाने की आशंका उस जीव को पकड़ने या मार दिए जाने का पर्याप्त आधार है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 3

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- एक महत्त्वपूर्ण फैसले में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि बाघों सहित जंगली जानवरों को "सभी उद्देश्यों के लिये सरकारी संपत्ति" माना जाना चाहिये और उनके द्वारा किये गए किसी भी नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**

http://archive.indianexpress.com/news/now-all-wild-animals-are-govt-property/936369/

- जब किसी जानवर को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (WPA), 1972 के तहत संरक्षित जानवर घोषित किया जाता है, तो उसे उसी सुरक्षा का लाभ मिलेगा, चाहे वह संरक्षित क्षेत्र में मौजूद हो या संरक्षित क्षेत्र के बाहर। **अत: कथन 2 सही है।**
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1) (ए) के अनुसार, यदि मुख्य वन्यजीव वार्डन संतुष्ट है कि अनुसूची 1 में निर्दिष्ट कोई जंगली जानवर मानव जीवन के लिये खतरनाक हो गया है या इतना विकलांग या मृतप्राय है कि ठीक नहीं हो सकता तो ऐसे ऐसे में लिखित आदेश द्वारा और उसका कारण बताते हुए, किसी भी व्यक्ति को ऐसे जानवर का शिकार करने की अनुमति देता है। बशर्ते किसी भी जंगली जानवर को मारने का आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि मुख्य वन्यजीव वार्डन संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे जानवर को पकड़ा, शांत या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। ऐसे जानवर का जंगल में पुनर्वास नहीं किये जा सकने के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाता है। स्पष्टीकरण - खंड (ए) के प्रयोजनों के लिये इस तरह के एक जानवर को पकड़ने या स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जैसा भी मामला हो इस तरह से किया जाएगा कि उक्त जानवर को न्यूनतम आघात पहुँचे।] **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

https://legislative.gov.in/sites/default/files/A1972-53_0.pdf

https://www.drishtiias.com/to-the-points/paper3/wildlife-protection-act-wpa-1972

20. निम्नलिखित में से किस एक जीव की कुछ प्रजातियाँ कवकों के कृषकों के रूप में जानी जाती हैं?

(a) चींटी

(b) कॉक्रोच

(c) केकड़ा

(d) मकड़ी

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- **चींटी** की प्रजाति को कवक के कृषकों के रूप में जाना जाता है। कुछ अन्य कीट जैसे दीमक, भृंग और मार्श पेरिविंकिल भी कवक के कृषकों के रूप में जाने जाते हैं।

अत: विकल्प A सही है।

https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S1367593120301095

21. भारत में, निम्नलिखित में कौन एक, उन फैक्टरियों में जिनमें कामगार नियुक्त हैं, औद्योगिक विवादों, समापनों, छँटनी और कामबंदी के विषय में सूचनाओं को संकलित करता है?

(a) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

(b) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

(c) श्रम ब्यूरो

(d) राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली

उत्तर:(c)

व्याख्या:

- **भारत में औद्योगिक विवादों, बंदियों, छंटनी और छंटनी पर सांख्यिकी श्रम ब्यूरो** का एक वार्षिक प्रकाशन है जो श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के तहत एक संलग्न कार्यालय है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

श्रम ब्यूरो:

- श्रम और रोज़गार मंत्रालय के तहत एक संलग्न कार्यालय के रूप में श्रम ब्यूरो की स्थापना 1 अक्तूबर, 1946 को की गई थी।
- श्रम ब्यूरो मज़दूरी, कमाई, उत्पादकता, अनुपस्थिति, श्रम कारोबार, औद्योगिक संबंध, काम करने और रहने की स्थिति तथा विभिन्न श्रम अधिनियमों के कामकाज के मूल्यांकन आदि के संबंध में आँकड़े एवं संबंधित जानकारी एकत्रित व प्रकाशित करता है। उद्योगों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या जैसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों के अलावा, कृषि और ग्रामीण मज़दूर; मज़दूरी दर सूचकांक और औद्योगिक संबंधों पर आँकड़े, संगठित और असंगठित क्षेत्र में उद्योगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति आदि भी कार्यालय द्वारा जारी किये जाते हैं।

Labour Bureau - Arthapedia

ID_Review_2012.pdf (labourbureaunew.gov.in)

22. भारत में, कोयला नियंत्रक संगठन (Coal Controller's Organization – CCO) की क्या भूमिका है?

1. CCO भारत सरकार में कोयला सांख्यिकी का प्रमुख स्रोत है।
2. यह बद्ध कायेला/लिग्नाइट खंड के विकास की प्रगति का मॉनीटरन करता है।
3. यह कोयलायुक्त क्षेत्रों के अधिग्रहण के संबंध में सरकार की अधिसूचना के प्रति किसी आपत्ति का अनुश्रवण करता है।
4. यह सुनिश्चित करता है कि कोयला खनन कंपनियाँ विहित समय में अंतिम उपभोक्ताओं को कोयला वितरण करें।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 4

उत्तर: (a)

कोयला नियंत्रक संगठन:

- वर्ष 1916 में स्थापित कोयला नियंत्रक का कार्यालय (पहले कोयला आयुक्त), भारतीय कोयला क्षेत्र के सबसे पुराने कार्यालयों में से एक है। इस कार्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रथम विश्व युद्ध के दौरान कोयले की आवश्यकता की पूर्ति पर सरकारी नियंत्रण रखना था।

कोयला नियंत्रक संगठन के कार्य नीचे सूचीबद्ध हैं:

- कोयले की श्रेणी, ग्रेड या आकार की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिये कोयला-खानों का निरीक्षण। कोयला खान (colliery) में खनन किये गए सीम के कोयले के ग्रेड की घोषणा और रखरखाव के उद्देश्य से निर्देश जारी करना।
- केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को मासिक कोयला डेटा प्रस्तुत करना।**अत: कथन 1 सही है।**
- कोयला युक्त क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम, 1957 के तहत कोयला नियंत्रक इस अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी है जो कोयला आधारित भूमि के अधिग्रहण से संबंधित केंद्र सरकार की अधिसूचना पर किसी भी आपत्ति को सुनने और केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु सक्षम है। **अत: कथन 3 सही है।**
- कोयला नियंत्रक संगठन कैप्टिव कोयला/लिग्नाइट ब्लॉकों के विकास और उनकी संबद्ध अंतिम-उपयोग परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह सुनिश्चित नहीं करता है कि कोयला खनन कंपनी निर्धारित समय में अंतिम उपयोगकर्त्ता तक कोयला पहुँचाती है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

http://coalcontroller.gov.in/pages/display/5-functionsresponsibilities#:~:text=Under%20Coal%20Bearing%20Area%20%28Acquisition%20and%20Deve

http://surl.li/cdrxl

23. यदि किसी विशिष्ट क्षेत्र को भारत के संविधान की पाँचवी अनुसूची के अधीन लाया जाए, तो निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, इसके परिणाम को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?

(a) इससे जनजातीय लोगों की जमीनें गैर-जनजातीय लोगों को अंतरित करने पर रोक लगेगी।

(b) इससे उस क्षेत्र में एक स्थानीय स्वशासी निकाय का सृजन होगा।

(c) इससे वह क्षेत्र संघ राज्यक्षेत्र में बदल जाएगा।

(d) जिस राज्य के पास ऐसे क्षेत्र होंगे, उसे विशेष कोटि का राज्य घोषित किया जाएगा।

उत्तर: (a)

पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत भूमि शासन:

- राज्यपाल निम्नलिखित के संबंध में नियम बना सकता है:

(i) **अनुसूचित जनजातियों से और उनके बीच भूमि के हस्तांतरण का निषेध और प्रतिबंध** – देश के लगभग हर राज्य और निश्चित रूप से अनुसूचित क्षेत्रों वाले सभी राज्यों ने अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा गैर-आदिवासियों को भूमि हस्तांतरण की रोकथाम/निषेध से संबंधित कानून बनाए हैं और कुछ मामलों में, आदिवासियों के बीच भूमि का परस्पर हस्तांतरण तक प्रतिबंधित है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

(ii) अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों को भूमि आवंटन का विनियमन;

(iii)अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों को साहूकारी का विनियमन।

https://www.mea.gov.in/Images/pdf1/S5.pdf

https://tribal.nic.in/downloads/FRA/5.%20Land%20and%20Governance%20under%20Fifth%20Schedule.pdf

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत स्वच्छता गठबंधन धारणीय स्वच्छता को संवर्धति करने वाला प्लेटफॉर्म है और भारत सरकार तथा वशि्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसका वत्तिपोषण होता है।
2. राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान भारत सरकार में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का शीर्षस्थ नकिाय है, और यह शहरी भारत की चुनौतयिों का समाधान करने के नवप्रवर्तक हल उपलब्ध कराता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

उत्तर: (b)

भारत स्वच्छता गठबंधन (India Sanitation Coalition)

- भारत स्वच्छता गठबंधन का गठन 'फक्किी के तत्त्वावधान में कयिा गया था।
- गठबंधन का दृष्टकिोण एक साझेदारी मोड की सहायता से धारणीय स्वच्छता के लयि एक पारस्थितिकिी तंत्र को सक्षम और समर्थन करना है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**

शहरी मामलों का राष्ट्रीय संस्थान

- वर्ष 1976 में स्थापति, शहरी मामलों का राष्ट्रीय संस्थान/नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (NIUA) शहरी नयिोजन और वकिास पर भारत का प्रमुख राष्ट्रीय वचिार मंच है।
- शहरी क्षेत्र में अत्याधुनकि अनुसंधान के नरि्माण और प्रसार के केंद्र के रूप में, NIUA तेज़ी से शहरीकरण के क्रम में भारत की चुनौतयिों का समाधान करने के लयि अभनिव समाधान प्रदान करने का उद्देश्य रखता है और भवषि्य के अधकि समावेशी तथा संवहनीय शहरों का मार्ग प्रशस्त करता है।
- वर्ष 1976 में, NIUA को भारत सरकार की शहरी वकिास योजनाओं में समर्थन और मार्गदर्शन करने के लटि एक शीर्ष नकिाय के रूप में नयिुक्त कयिा गया था। तब से, इसने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ- साथ अन्य सरकारी और नागरकि क्षेत्रों के साथ मलिकर, अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने तथा शहरी नीतएिवं नयिोजन में कमयिों को दूर करने का काम कयिा है। **अतः कथन 2 सही है।**

Ficci-press-jun25-sanitation.pdf

Who We Are - India Sanitation Coalition

Sustainable Cities India Program (drishtiias.com)

25. नमि्नलखिति में कौन-सा एक, पर्यावरण (संरक्षण) अधनियिम, 1986 के अधीन गठति कयिा गया है?

(a) केन्द्रीय जल आयोग

(b) केन्द्रीय भूजल बोर्ड

(c) केन्द्रीय भूजल प्राधकिरण

(d) राष्ट्रीय जल वकिास अभकिरण

उत्तर: (c)

- देश में भूजल संसाधनों के वकिास और प्रबंधन को वनियिमति एवं नयिंत्रति करने के लयि पर्यावरण (संरक्षण) अधनियिम, 1986 की धारा 3 (3) के तहत केंद्रीय भूजल प्राधकिरण का गठन कयिा गया है। **अतः वकिल्प (c) सही है।**

शक्तयिाँ एवं कार्य:

प्राधिकरण को निम्नलिखित शक्तियाँ प्रदान की गई हैं:

(i) उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट सभी मामलों के संबंध में निर्देश जारी करने और ऐसे उपाय करने के लिये पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत शक्तियों का प्रयोग।

(ii) उक्त अधिनियम की धारा 15 से 21 में निहित दंडात्मक प्रावधानों की सहायता लेना।

(iii) देश में भूजल का विनियमन और नियंत्रण, प्रबंधन एवं विकास करना तथा इस उद्देश्य के लिये आवश्यक नियामक निर्देश जारी करना।

(iv) अधिकारियों की नियुक्ति के लिये पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत शक्तियों का प्रयोग।

INDEX (cgwb.gov.in)

26. "संयुक्त राष्ट्र प्रत्यय समिति (युनाईटेड नेशंस क्रेडेंशियल्स कमिटी)" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र (UN) सुरक्षा परिषद् द्वारा स्थापित समिति है और इसके पर्यवेक्षण के अधीन काम करती है।
2. पारंपरिक रूप से प्रतिवर्ष मार्च, जून और सितंबर में इसकी बैठक होती है।
3. यह महासभा को अनुमोदन हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व सभी UN सदस्यों के प्रत्ययों का आकलन करती है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

उत्तर: (A)

- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के प्रत्येक नियमित सत्र की शुरुआत में एक प्रत्यय समिति नियुक्त की जाती है।
- इसमें नौ सदस्य होते हैं, जिन्हें UNGA अध्यक्ष के प्रस्ताव पर महासभा द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- समिति प्रतिनिधियों की साख पर विधानसभा को रिपोर्ट करती है।
- प्रतिनिधियों की साख और प्रत्येक सदस्य राज्य के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम महासचिव को प्रस्तुत किये जाते हैं और या तो राज्य या सरकार के प्रमुख या विदेश मामलों के मंत्री द्वारा जारी किये जाते हैं।
- समिति के लिये सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों की साख की जाँच करना और उस पर महासभा को रिपोर्ट करना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**
- आमतौर पर, समिति की बैठक नवंबर में होती है, दिसंबर में आम सभा के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

https://www.un.org/en/ga/credentials/credentials.shtml

https://theprint.in/world/un-credentials-committee-that-will-review-taliban-nomination-likely-to-meet-in-november/744076/

27. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन 'ध्रुवीय कोड (Polar Code)' का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(a) ध्रुवीय जलराशियों में परिचालन कर रहे जहाज़ों के लिए यह सुरक्षा का अंतर्राष्ट्रीय कोड है।

(b) यह उत्तरी ध्रुव के आसपास के देशों का ध्रुवीय क्षेत्र में अपने राज्यक्षेत्रों के सीमांकन का समझौता है।

(c) यह उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव में अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों के देशों द्वारा अपनाए जाने वाले मानकों का समुच्चय है।

(d) यह आर्कटिक कौंसिल के सदस्य देशों का व्यापारिक और सुरक्षा समझौता है।

उत्तर: (A)

- ध्रुवीय जल में संचालित जहाज़ों के लिये IMO का अंतर्राष्ट्रीय कोड (ध्रुवीय कोड) समुद्र में जीवन की सुरक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (SOLAS) और जहाज़ों से प्रदूषण की रोकथाम के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (MARPOL) दोनों के तहत अनिवार्य है। ध्रुवीय संहिता में डिज़ाइन, निर्माण, उपकरण, परिचालन, प्रशिक्षण, खोज और बचाव तथा दो ध्रुवों के आस-पास के दुर्गम जल में चलने वाले जहाज़ों के लिये प्रासंगिक पर्यावरण संरक्षण मामलों की पूरी शृंखला शामिल है। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- ध्रुवीय संहिता 1 जनवरी 2017 को लागू हुई।

https://www.imo.org/en/OurWork/Safety/Pages/polar-code.aspx

28. संयुक्त राष्ट्र महासभा के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. UN महासभा, गैर-सदस्य राज्यों को प्रेक्षक स्थिति प्रदान कर सकती है।
2. अंत:सरकारी संगठन UN महासभा में प्रेक्षक स्थिति पाने का प्रयत्न कर सकते हैं।
3. UN महासभा में स्थायी प्रेक्षक UN मुख्यालय में मिशन बनाए रख सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (D)

- संयुक्त राष्ट्र के गैर-सदस्य राज्य, जो एक या अधिक विशिष्ट एजेंसियों के सदस्य हैं, स्थायी पर्यवेक्षक के दर्जे के लिये आवेदन कर सकते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा गैर-सदस्य राज्यों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य संस्थाओं को स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा दे सकती है।**अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- एक स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा विशुद्ध रूप से अभ्यास पर आधारित होता है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में इसके लिये कोई प्रावधान नहीं हैं।
- इस प्रणाली की शुरुआत वर्ष 1946 में हुई, जब महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र में एक स्थायी पर्यवेक्षक के रूप में स्विस सरकार के पद को स्वीकार किया।
- धीरे-धीरे कुछ राज्यों द्वारा पर्यवेक्षकों को आगे रखा गया जो बाद में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बन गए इनमें ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, इटली और जापान शामिल थे। 10 सितंबर, 2002 को स्विट्ज़रलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- स्थायी पर्यवेक्षकों के पास अधिकांश बैठकों और प्रासंगिक दस्तावेज़ों तक निशुल्क पहुँच होती है।
- कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी महासभा के कार्य और वार्षिक सत्रों में पर्यवेक्षक हैं।
- स्थायी पर्यवेक्षक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महासभा के सत्रों और कार्यों में भाग ले सकते हैं और मिशनों को जारी रख सकते हैं।**अतः कथन 3 सही है।**

https://www.un.org/en/about-us/about-permanent-observers

https://ask.un.org/faq/14519

29. भारत में "चाय बोर्ड" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चाय बोर्ड सांविधिक निकाय है।
2. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संलग्न नियामक निकाय है।
3. चाय बोर्ड का प्रधान कार्यालय बेंगलुरु में स्थित है।
4. इस बोर्ड के दुबई और मॉस्को में विदेशी कार्यालय हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

(a) 1 और 3

(b) 2 और 4

(c) 3 और 4

(d) 1 और 4

उत्तर: (D)

- चाय बोर्ड केंद्र सरकार के एक सांविधिक निकाय के रूप में कार्य कर रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- बोर्ड का गठन 31 सदस्यों (अध्यक्ष सहित) से होता है, जो संसद सदस्यों, चाय उत्पादकों, चाय व्यापारियों, चाय दलालों, उपभोक्ताओं और प्रमुख चाय उत्पादक राज्यों की सरकारों के प्रतिनिधियों और ट्रेड यूनियनों में से चुने जाते हैं। प्रत्येक तीन वर्ष में बोर्ड का पुनर्गठन किया जाता है।
- **विदेशों में कार्यालय:** वर्तमान में चाय बोर्ड के दो विदेशी कार्यालय (दुबई और मॉस्को में) हैं। बोर्ड के इन सभी विदेशी कार्यालयों को भारतीय चाय के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रचार उपायों के लिये डिज़ाइन किया गया है। ये कार्यालय संबंधित क्षेत्रों में भारतीय चाय के आयातकों के साथ-साथ भारतीय निर्यातकों के बीच बातचीत के लिये एक संपर्क कार्यालय के रूप में भी कार्य करते हैं। **अतः कथन 4 सही है।**
- इसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

https://www.teaboard.gov.in/TEABOARDCSM/NA==

30. निम्नलिखित में कौन-सा एक, "ग्रीनवाशिंग" शब्द का सर्वोत्तम वर्णन है?

(a) मिथ्या रूप से यह प्रभाव व्यक्त करना कि कंपनी के उत्पाद पारिस्थितिकी-अनुकूली (ईको-फ्रेंडली) और पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त हैं

(b) किसी देश के वार्षिक वित्तीय विवरणों में पारिस्थितिकी/पर्यावरणीय लागतों को शामिल नहीं करना

(c) आधारिक संरचना विकसित करते समय अनर्थकारी पारिस्थितिकी दुष्परिणामों की उपेक्षा करना

(d) किसी सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में पर्यावरणीय लागतों के लिए अनिवार्य उपबंध करना

उत्तर: (A)

- **ग्रीनवॉशिंग** किसी उत्पाद, सेवा, प्रौद्योगिकी या कंपनी के अभ्यास के पर्यावरणीय लाभों के बारे में एक निराधार या भ्रामक दावा करने का अभ्यास है। ग्रीनवाशिंग किसी कंपनी को अधिक पर्यावरण अनुकूल दिखने का प्रयास करती है जबकि वास्तव में वह कंपनी इतनी अधिक पर्यावरण अनुकूल नहीं होती। **अतः विकल्प (a) सही है।**

https://www.drishtiias.com/current-affairs-news-analysis-editorials/news-analysis/10-12-2018

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. US फेडरल रिज़र्व की सख्त मुद्रा नीति पूँजी पलायन की ओर ले जा सकती है।
2. पूँजी पलायन वर्तमान विदेशी वाणिज्यिक ऋणग्रहण (External Commercial Borrowings –ECBs) वाली फर्मों की ब्याज लागत को बढ़ा सकता है।
3. घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन, ECBs से संबद्ध मुद्रा जोखिम को घटाता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- सख्त या संकुचनकारी मौद्रिक नीति एक मौद्रिक उपाय है जिसका अर्थ है केंद्रीय बैंक द्वारा मौद्रिक विस्तार की दर में कमी। यह एक सूक्ष्म आर्थिक उपकरण है जिसे केंद्रीय बैंकों या सरकारी अंतःक्षेपों द्वारा निर्मित की गई उद्गामी मुद्रास्फीति या अन्य आर्थिक विकृतियों से निपटने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
- केंद्रीय बैंक छूट दर और संघीय निधि दर में नीतिगत परिवर्तनों के माध्यम से अल्पकालिक ब्याज दरों को बढ़ाकर नीति को सख्त करता है या मुद्रा को संकुचित करता है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधार लेने की लागत बढ़ जाती है और प्रभावी रूप से इसके आकर्षण में कमी आती है।
